भारत के गृह मंत्री के नाम (वर्ष 1947 से अब तक)

samanyagyan.com/hindi/gk-home-minister-of-india

भारत के सभी गृह मंत्रियों की सूची (1947-2021): (List of Home Ministers of India in Hindi)

गृह मंत्रालय (भारत):

गृह मंत्रालय भारत सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों में से एक है। गृह मंत्रालय, राज्यों के संवैधानिक अधिकारों में दखल दिए बिना, सुरक्षा, शान्ति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए राज्य सरकारों को जन शक्ति एवं वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन एवं विशेषज्ञता प्रदान करता है।

गृह मंत्रालय के विभाग:

भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अंतर्गत गृह मंत्रालय के संघटक विभाग निम्नलिखित हैं:-

- **आन्तरिक सुरक्षा विभाग:** पुलिस, कानून और व्यवस्था तथा पुनर्वास संबंधी कार्य देखता है।
- **राज्य विभाग:** केन्द्र राज्य संबंधों, अंतर्राज्य संबंधों, संघ राज्य क्षेत्रों तथा स्वतंत्रता सेनानी पेंशन संबंधी मामले देखता है।
- **गृह विभाग:** राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति द्वारा कार्यभार ग्रहण करने संबंधी अधिसूचना, प्रधानमंत्री तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना आदि का कार्य देखता है।
- **जम्मू एवं कश्मीर कार्य विभाग:** जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित सभी संवैधानिक उपबंधों तथा राज्य से संबंधित अन्य सभी मामलों को देखता है, सिवाय उन मामलों के जो विदेश मंत्रालय से संबंधित हैं।
- **सीमा प्रबंधन विभाग:** तटवर्ती सीमाओं सहित सीमा प्रबंधन का कार्य देखता है।
- **राजभाषा विभाग:** राजभाषा से संबंधित संविधान के उपबंधों तथा राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबंधों के कार्यान्वियन का कार्य देखता है।

गृह मंत्री किसे कहते है?

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के प्रमुख को गृह मंत्री कहा जाता है। केन्द्रीय कैबिनेट के वरिष्ठतम पदों में से एक, गृह मंत्री की मुख्य जिम्मेदारी भारत की आंतरिक सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों को देखना है।

भारत के वर्तमान गृह मंत्री 2021:

भारत के वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह हैं। उन्होंने 30 मई 2019 को गृहमंत्री के रूप में पद ग्रहण किया है, उनसे पहले राजनाथ सिंह 26 मई 2014 से 30 मई 2019 तक इस पद पर कार्यरत थे। भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल थे। वह 02 सितम्बर 1946 से 15 दिसम्बर 1950 तक इस पद पर कार्यरत रहे।

इन्हें भी पढ़ें: भारतीय राज्यों के मुख्यमंत्रियों की सूची 2021

भारत के गृह मंत्रियों की सूची: (1946-2021)

नाम	कार्यकाल		राजनीतिक दल (गठबंधन)
सरदार वल्लभभाई पटेल	02 सितम्बर 1946	15 दिसम्बर 1950	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
सी. राजगोपालाचारी	26 दिसम्बर 1950	25 अक्टूबर 1951	
कैलाश नाथ काटजू	1951	1955	
गोविंद बल्लभ पंत	10 जनवरी 1955	07 मार्च 1961	
लाल बहादुर शास्त्री	4 अप्रैल 1961	29 अगस्त 1963	
गुलजारीलाल नंदा	29 अगस्त 1963	14 नवम्बर 1966	
यशवंतराव चव्हाण	14 नवम्बर 1966	27 जून 1970	
इंदिरा गांधी	27 जून 1970	04 फरवरी 1973	
उमा शंकर दीक्षित	04 फरवरी 1973	1974	
कासू ब्रह्मानंद रेड्डी	1974	24 मार्च 1977	
चरण सिंह	24 मार्च 1977	01 जुलाई 1978	जनता दल
मोरारजी देसाई	01 जुलाई 1978	28 जुलाई 1979	
यशवंतराव चव्हाण	28 जुलाई 1979	14 जनवरी 1980	जनता दल (सेक्युलर)
ज्ञानी जेल सिंह	14 जनवरी 1980	22 जून 1982	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
आर. वेंकटरमन	22 जून 1982	02 सितम्बर 1982	

प्रकाश चंद्र सेठी	02 सितम्बर 1982	19 जुलाई 1984	
पी. वी. नरसिंह राव	19 जुलाई 1984	31 दिसम्बर 1984	
शंकरराव चव्हाण	31 दिसम्बर 1984	12 मार्च 1986	
पी. वी. नरसिंह राव	12 मार्च 1986	12 मई 1986	
सरदार बूटा सिंह	12 मई 1986	02 दिसम्बर 1989	
मुफ्ती मोहम्मद सईद	1989	10 नवम्बर 1990	जनता दल (राष्ट्रीय मोर्चा)
चंद्रशेखर	10 नवम्बर 1990	21 जून 1991	समाजवादी जनता पार्टी (राष्ट्रीय मोर्चा)
शंकरराव चव्हाण	21 जून 1991	16 मई 1996	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
मुरली मनोहर जोशी	16 मई 1996	01 जून 1996	भारतीय जनता पार्टी
एच.डी. देवेगौड़ा	01 जून 1996	29 जून 1996	जनता दल (संयुक्त मोर्चा)
इंद्रजीत गुप्ता	29 जून 1996	19 मार्च 1998	भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (संयुक्त मोर्चा)
एल.के. आडवाणी	19 मार्च 1998	22 मई 2004	भारतीय जनता पार्टी (एनडीए)
शिवराज पाटिल	22 मई 2004	30 नवम्बर 2008	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (यूपीए)
पी. चिदंबरम	30 नवम्बर 2008	31 जुलाई 2012	
सुशील कुमार शिंदे	31 जुलाई 2012	26 मई 2014	
राजनाथ सिंह	26 मई 2014	30 मई 2019	भारतीय जनता पार्टी (एनडीए)
अमित शाह	30 मई 2019	पदस्थ	भारतीय जनता पार्टी (एनडीए)